**प्रेस विज्ञप्ति**

**नैनीताल बैंक की नवीन शाखा का गंगापुर रोड, रुद्रपुर में भव्य उदघाटन**

नैनीताल बैंक की नवीन शाखा गंगापुर रोड, रुद्रपुर के नए परिसर का उदघाटन बैंक के प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निखिल मोहन द्वारा रुद्रपुर स्थित नवसुसज्जित परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री निखिल मोहन ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप फीता काटा तथा उदघाटन से संबन्धित अन्य औपचारिकताऐ पूरी की।

इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रमुख ग्राहकों एवं अन्य उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए श्री निखिल मोहन नें बैंक की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक उत्तराखंड के विकास हेतु अनेक योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सरल एव सस्ती दरों पर ऋण सुविधाए प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है।

श्री दिनेश पंत ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे उपस्थित आगुन्तकों को बताया कि नवीन सी.बी.एस फिनेकल प्लेटफॉर्म पर स्थापित होने के बाद बैंक के ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाओं मे गुणोत्तर सुधार होगा तथा ग्राहक अब अनेक डिजिटल उत्पादों के माध्यम से आधुनिक सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे जो कि फिनेकल प्लेटफॉर्म मे अत्यंत सुरक्षित भी रहेंगे |

श्री निखिल मोहन ने आगे बताया कि इस प्रक्रिया मे भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के संचालक मंडल तथा बैंक ऑफ़ बड़ोदा के प्रबंध तंत्र के मार्गदर्शन में पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने अपना नया आयाम एवं मील का पत्थर स्थापित किया है | हमे विश्वास है कि अनेक नए ग्राहक भी बैंक से जुड़ेंगे तथा बैंक व्यवसाय के नए कीर्तिमान स्थापित करने मे सफल होगा |

इस अवसर पर श्री अरुण अग्रवाल (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर), श्री यू सी रुवाली, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री संजय गुप्ता (सहयोगी उपाध्यक्ष) शाखा प्रबंधक प्रियांशु कौशिक सहित अनेक ग्राहक एवं बैंक के अनेक अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

01 जून, 2022
गंगापुर रोड, रुद्रपुर